राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–180/2024

राज्यपाल ने हरितालिका तीज के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 05 सितम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने हरितालिका तीज के अवसर पर सभी बिहारवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि स्त्रियाँ हरितालिका तीज भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं। इस अवसर पर वे अपने सुहाग की रक्षा एवं सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं तथा माता पार्वती एवं भगवान शिव की पूजा–अर्चना करती हैं। राज्यपाल ने इस पर्व के अवसर पर बिहारवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

....